लोक सूचना अपीलीय प्राधिकारी, (राजस्व)
(जिला कलक्टर),बांसवाड़ा (राज.)

पीठासीन अधिकारी – डॉ.इंद्रजीत यादव, IAS.

अपील संख्या – 21/2025
जी.सी.एम.एस. सं. 2025/88

प्रार्थी/अपीलार्थी :–

श्री जयन्तिलाल भट्ट पिता श्री उम्मेदराम भट्ट मु.पो. बडौदिया तह. बागीदौरा जिला बांसवाडा मो.नं. 9784454380

बनाम

अप्रार्थी /रेस्पोण्डेंट्स:–

अति. जिला कलक्टर (लोक सूचना अधिकारी) बांसवाडा (राज.)

निर्णय

अपील अन्तर्गत धारा 19(1) सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005

दिनांक :– 30–06–2025

प्रस्तुत मामले का संक्षिप्त विवरण इस प्रकार है कि अपीलार्थी की ओर से सूचना चाहने हेतु धारा 6(1) सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 के तहत आवेदन दिनांक **22–02–2025** पर **अति. जिला कलक्टर (लोक सूचना अधिकारी) बांसवाडा (राज.)** द्वारा सूचना उपलब्ध कराने पर प्राप्त सूचना से असन्तुष्ट होने के कारण अपीलार्थी की ओर से यह अपील प्रस्तुत की गई है।

अपील दर्ज रजिस्टर की जाकर इस न्यायालय से नोटिस दिनांक **06–06–2025** को जारी किया गया एवं प्रत्यर्थी को नियत तिथी को अपना पक्ष रखने उपस्थित होने सूचित किया गया।

दिनांक **20–06–2025** को प्रत्यर्थी **अति. जिला कलक्टर (लोक सूचना अधिकारी) बांसवाडा (राज.)** ने जवाब प्रस्तुत कर अवगत कराया कि अपीलार्थी के उक्त प्रार्थना पत्र की सूचना समाधान अनुभाग के पत्रांक 374 दिनांक 21.03.202[illegible]लार्थी को अवगत कराया कि वांछित सूचना समाधान अनुभाग में उपलब्ध नहीं है। अपील[illegible] श्रम करावे।

Signature Not Verified
Digitally signed by Inderjeet Yadav
Date: 2025.07.25 10:22:13 IST
Reason: SelfAttested

लोक सूचना अपीलीय प्राधिकारी,
जिला कलक्टर, बाँसवाड़ा (राज.)

दिनांक 30.06.2025 को अपीलार्थी उपस्थित हुए। अपीलार्थी को सुना गया। हमने पत्रावली का अवलोकन किया एवं **अति. जिला कलक्टर (लोक सूचना अधिकारी) बांसवाडा (राज.)** के जवाब एव उनकी ओर से अपीलार्थी को वांछित सूचना से अवगत कराये गये पत्र का अवलोकन एवं उस पर मनन किया। अपीलार्थी द्वारा **अति. जिला कलक्टर (लोक सूचना अधिकारी) बांसवाडा (राज.)** से सूचना चाहने हेतु धारा 6(1) सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 के तहत आवेदन दिनांक **22–02–2025** से 1 बिन्दु पर सूचना चाही गई है। **अति. जिला कलक्टर (लोक सूचना अधिकारी) बांसवाडा (राज.)** के जवाब अनुसार अपीलार्थी के उक्त प्रार्थना पत्र की सूचना समाधान अनुभाग के पत्रांक 374 दिनांक 21.03.2025 से अपीलार्थी को अवगत कराया कि वांछित सूचना समाधान अनुभाग में उपलब्ध नही है। सूचना का अधिकार अधिनियम के तहत ऐसी सूचनाऐं दी जा सकती हो जो लोक सूचना अधिकारी के पास मौजुद हो। अपीलार्थी को प्रत्यर्थी द्वारा सूचना से अवगत कराया जा चुका है। इस प्रकरण में कोई कार्यवाही शेष नही होने से अपील अपीलार्थी निरस्त की जाती है।

निर्णय आज दिनांक **30–06–2025** को खुले न्यायालय में सुनाया गया।

(डॉ. इंद्रजीत यादव) **IAS.**
लोक सूचना अपीलीय प्राधिकारी,
जिला कलक्टर, बाँसवाडा (राज.)

Signature Not Verified

Digitally signed by Inderjeet Yadav
Date: 2025.07.25 10:22:13 IST
Reason: SelfAttested